संख्या-180/2024/606/22-2-2024-17(745)/2019

प्रेषक,

मदन मोहन,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक/ महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 लखनऊ दिनांक 18 अक्टूबर 2024

विषयः- केन्द्रीय कारागार वाराणसी में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी ब्रहमदेव चौहान पुत्र श्री छबीला, निवासी जनपद-बलिया की फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अधीक्षक (मु0), कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या-5781/प्रोबेशन-3-फार्म-ए/(एम-22-02-2024) दिनांक-01-03-2024 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार केन्द्रीय कारागार वाराणसी में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी ब्रहमदेव चौहान पुत्र श्री छबीला चौहान, जो उससा, थाना-पकड़ी, जनपद-बलिया का निवासी है। बन्दी ने ग्राम समाज की भूमि के कब्जे को लेकर आपसी जमीनी विवाद की रंजिश में दिनांक 01.01.2006 को 22 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर वादी के घर पुआल रखकर आग लगा दिया और भागने पर दौड़ाकर लाठी, डण्डो से पीट कर चन्द्रदेव यादव नामक व्यक्ति की हत्या कर दी। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-167/2006 में भा0द0वि0 की धारा-147, 436, 323, 307, 302, 506 के अन्तर्गत मा0 विशेष अपर सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-07, बलिया के आदेश दिनांक 22.12.2006 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया। मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेश् दिनांक 14-12-2021 द्वारा बन्दी की अपील निर्णीत करते हुये आजीवन कारावास की सजा को यथावत रखा गया। बन्दी द्वारा दिनांक 13-04-2022 तक 16 वर्ष 03 माह 02 दिन की अपरिहार सजा तथा 19 वर्ष 02 माह 11 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है

जिला प्राबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं (जो लक्ष्मण नास्कर बनाम यूनियन आफ इण्डिया, 2000 क्रि0एल0जे0 1471 पर मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्देशित किया गया) पर परीक्षण कर आख्या प्रेषित की गयी है। बन्दी का अपराध समाज को व्यापक रूप से प्रभावित करने, भविष्य में अपराध करने का अवसर होने, बन्दी के पुनः अपराध की सम्भावना होने, बन्दी के परिवार सामाजिक आर्थिक दशा उपयुक्त नहीं होने का अंकन करते हुये समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

प्रोबेशन बोर्ड का अभिमत है कि बन्दी ने ग्राम समाज की भूमि को लेकर आपसी जमीनी रंजिश में दिनांक 01-01-2006 को 22 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर वादी के घर में पुआल रखकर आग लगा दिया और भागने पर दौड़ाकर लाठी डण्डों से पीटकर चन्द्रदेव यादव नामक व्यक्ति की हत्या करने का जघन्य अपराध कारित किया गया है। इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत सन्देश जायेगा। बन्दी का अपराध समाज को प्रभावित करने, पुनः अपराध करने में अशक्त न होने का अंकन जनपदीय अधिकारियों द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में किया

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

गया है। इस प्रकार बन्दी किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता, जिला प्राबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में समयपूर्व रिहाई का विरोध किये जाने के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट-1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बंदी ब्रह्मदेव चौहान पुत्र श्री छबीला चौहान को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

3- अतः उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि केन्द्रीय कारागार, वाराणसी में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी ब्रह्मदेव चौहान(बन्दी संख्या-433/2007) पुत्र श्री छबीला, निवासी जनपद-बलिया को यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के प्राविधानों के अन्तर्गत फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर मुक्ति का पात्र नहीं पाया गया है। अतएव उक्त बन्दी की फार्म-ए/लाइसेन्स पर मुक्ति सम्यक् विचारोपरान्त राज्यपाल महोदया द्वारा अस्वीकार कर दी गयी है। तद्नुसार उसके फार्म-ए पर शासन के आदेश अंकित करके एतदद्वारा वापस लौटाया जा रहा है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करते हुए शासन के निर्णय से बन्दी को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः यथोपरि।

(बन्दी का फार्म-ए एवं समस्त पत्रादि सहित)

भवदीय,
मदन मोहन
विशेष सचिव।

संख्या-180/2024/606(1)/22-2-2024 तद्दिनांक...

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- जिला मजिस्ट्रेट,बलिया।
2- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार वाराणसी।
3- निजी सचिव, मा0 मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
4- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
5-नोडल अधिकारी/अधीक्षक जिला कारागार गाजियाबाद को मा0 उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में योजित स्पेशल लीव टू अपील (क्रिमि0) सं0-2250/2022 ब्रह्मदेव चौहान बनाम उ0प्र0 राज्य में पारित आदेश दिनांक 11-04-2022 के सन्दर्भ में।
6- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
विनोद कुमार द्विवेदी
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश संख्या-180/2024/606/22-2-2024-17(745)/2019

दिनांक 18 अक्टूबर 2024 का संलग्नक

सरकार के आदेश

केन्द्रीय कारागार वाराणसी में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी ब्रहमदेव चौहान पुत्र श्री छबीला चौहान, जो उससा, थाना-पकड़ी, जनपद-बलिया का निवासी है। बन्दी ने ग्राम समाज की भूमि के कब्जे को लेकर आपसी जमीनी विवाद की रंजिश में दिनांक 01.01.2006 को 22 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर वादी के घर पुआल रखकर आग लगा दिया और भागने पर दौड़ाकर लाठी, डण्डो से पीट कर चन्द्रदेव यादव नामक व्यक्ति की हत्या कर दी। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-167/2006 में भा0द0वि0 की धारा-147, 436, 323, 307, 302, 506 के अन्तर्गत मा0 विशेष अपर सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-07, बलिया के आदेश दिनांक 22.12.2006 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया। मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेश् दिनांक 14-12-2021 द्वारा बन्दी की अपील निर्णीत करते हुये आजीवन कारावास की सजा को यथावत रखा गया। बन्दी द्वारा दिनांक 13-04-2022 तक 16 वर्ष 03 माह 02 दिन की अपरिहार सजा तथा 19 वर्ष 02 माह 11 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है

जिला प्राबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं (जो लक्ष्मण नास्कर बनाम यूनियन आफ इण्डिया, 2000 क्रि0एल0जे0 1471 पर मा0 न्यायालय द्वारा निर्देशित किया गया) पर परीक्षण कर आख्या प्रेषित की गयी है। बन्दी का अपराध समाज को व्यापक रूप से प्रभावित करने, भविष्य में अपराध करने का अवसर होने, बन्दी के पुनः अपराध की सम्भावना होने, बन्दी के परिवार सामाजिक आर्थिक दशा उपयुक्त नहीं होने का अंकन करते हुये समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

प्रोबेशन बोर्ड का अभिमत है कि बन्दी ने ग्राम समाज की भूमि को लेकर आपसी जमीनी रंजिश में दिनांक 01-01-2006 को 22 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर वादी के घर में पुआल रखकर आग लगा दिया और भागने पर दौड़ाकर लाठी डण्डों से पीटकर चन्द्रदेव यादव नामक व्यक्ति की हत्या करने का जघन्य अपराध कारित किया गया है। इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत सन्देश जायेगा। बन्दी का अपराध समाज को प्रभावित करने, पुनः अपराध करने में अशक्त न होने का अंकन जनपदीय अधिकारियों द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में किया गया है। इस प्रकार बन्दी किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता, जिला प्राबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में समयपूर्व रिहाई का विरोध किये जाने के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट-1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बंदी ब्रहमदेव चौहान पुत्र श्री छबीला चौहान को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

उक्त के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त राज्यपाल महोदया द्वारा बन्दी की फार्म-ए/लाइसेंस के आधार पर समयपूर्व रिहाई अस्वीकार कर दी गयी है।

मदन मोहन
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।